Roll No. : ......................................

Total No. of Questions : **5** ] [ Total No. of Printed Pages : **7**

# A–145

## B.A. (Part–I) N.C. Examination, 2022

## GENERAL HINDI

### (Compulsory)

*Time : 3 Hours* ] [ *Maximum Marks : 100*

**नोट** :– प्रश्न-पत्र **5** इकाइयों में विभाजित है। निर्देशानुसार प्रश्न हल करने हैं।

**इकाई–I**

1. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(अ) याज्ञवल्क्य ने जो बात धक्कामार ढंग से कह दी थी, वह अन्तिम नहीं थी। वे 'आत्मनः' का अर्थ कुछ और बड़ा करना चाहते थे। व्यक्ति की 'आत्मा' केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं है, वह व्यापक है। अपने में सब और सब में आप—इस प्रकार की एक समष्टि बुद्धि जब तक नहीं आती, तब तक पूर्ण सुख का आनंद भी नहीं मिलता। अपने-आपको दलित द्राक्षा की भाँति निचोड़कर जब तक सर्व के लिए निछावर नहीं कर दिया जाता; तब तक 'स्वार्थ' खंड-सत्य है, वह मोह को बढ़ावा देता है, तृष्णा को उत्पन्न करता है। (उत्तर-सीमा **150** शब्द)

**अथवा**

आप केवल महर्षि ही न थे, ऐसे देशभक्त भी थे, जिसने देश पर अपने आपको मिटा दिया हो। एक भाषण में फरमाते हैं, 'मेरे नौ जवान दोस्तो! बलवान बनो।। तुम्हारे लिए मेरी यही सलाह है। तुम भगवद्गीता के स्वाध्याय की अपेक्षा फुटबाल खेलकर कहीं अधिक सुगमता से मुक्ति प्राप्त कर सकते हो। कृष्ण भगवान के उपदेश और अलौकिक शक्ति को तुम तभी समझ सकोगे, जब तुम्हारी रगों में खून कुछ और तेजी से दौड़ेगा। 5

(ब) इस देश में जो जिसके लिए प्रतिबद्ध है, वही उसे नष्ट कर रहा है। लेखकीय स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध लोग ही लेखक की स्वतंत्रता छीन रहे हैं। सहकारिता के लिए प्रतिबद्ध इस आंदोलन के लोग ही सहकारिता को नष्ट कर रहे हैं। सहकारिता तो एक स्पिरिट है। सब मिलकर सहकारितापूर्वक खाने लगते हैं और आंदोलन को नष्ट कर देते हैं। समाजवाद को समाजवादी ही रोके हुए हैं। (उत्तर–सीमा **150** शब्द)

**अथवा**

मुअनजो–दड़ो की खूबी यह है कि इस आदिम शहर की सड़कों और गलियों में आप आज भी घूम–फिर सकते हैं। यहाँ की सभ्यता और संस्कृति का सामान भले अजायबघरों की शोभा बढ़ा रहा हो, शहर जहाँ था अब भी वहीं है। आप इसकी किसी भी दीवार पर पीठ टिकाकर सुस्ता सकते हैं। वह एक खँडहर क्यों न हो, किसी घर की देहरी पर पाँव रखकर आप सहसा सहम सकते हैं, रसोई की खिड़की पर खड़े होकर उसकी गंध महसूस कर सकते हैं। 5

(स) 'निराला भाई' पाठ के आधार पर निराला जी के व्यक्तित्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालिए। (उत्तर–सीमा **250** शब्द)

**अथवा**

'जामुन का पेड़' कहानी वर्तमान व्यवस्था पर करारा व्यंग्य है। स्पष्ट कीजिए। 7

(द) 'चरित्र शोधन' पाठ का सार अपने शब्दों में लिखिए। (उत्तर–सीमा **250** शब्द)

**अथवा**

'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर मुअनजो–दड़ो नगर का विस्तृत परिचय दीजिए। 7

## इकाई–II

2. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(अ) दरस बिन दूखण लागै नैन। (टेर)

जबसे तुम बिछुड़े प्रभु मोरे, कबहुँ न पायो चैन।

सबद सुणत मेरी छतियाँ काँपै, मीठे लागै बैन।

बिरह व्यथा कांसू कहूँ सजनी, बह गई करवत ऐन।

कल न परत पल हरि मग जोवत, भई छमासी रैन।

मीराँ के प्रभु कब रे मिलोगे, दुख मेटण सुख दैन। (उत्तर–सीमा **150** शब्द)

**अथवा**

निज रक्षा का अधिकार रहे जन-जन को,

सब की सुविधा का भार किन्तु शासन को

मैं आर्यों का आदर्श बताने आया,

जन सम्मुख धन को तुच्छ जताने आया।

सुख-शान्ति हेतु मैं क्रान्ति मचाने आया,

विश्वासी का विश्वास बचाने आया। 5

(ब) आओ, मिलकर बचाएँ

अपनी बस्तियों को

नंगी होने से

शहर की आबो-हवा से बचाएँ उसे

बचाएँ डूबने से

पूरी की पूरी बस्ती को

हड़िया में (उत्तर-सीमा **150** शब्द)

**अथवा**

स्नेह-निर्झर बह गया है

स्नेह-निर्झर बह गया है,

रेत ज्यों तन रह गया है।

आम की यह डाल जो सूखी दिखी,

कह रही है—अब यहाँ पिक या शिखी,

नहीं आते, पंक्ति मैं वह हूँ लिखी,

नहीं जिसका अर्थ—

जीवन दह गया है। 5

(स) कबीर की भक्ति-भावना को समझाइए। (उत्तर-सीमा **250** शब्द)

**अथवा**

'अरुण यह मधुमय देश हमारा' गीत के आधार पर प्रसाद जी के अतीत के गौरव गान का विवेचन कीजिए। 7

(द) 'कंकरीला मैदान' कविता के काव्य सौन्दर्य का विश्लेषण कीजिए।

(उत्तर-सीमा **250** शब्द)

**अथवा**

'अकाल और उसके बाद' कविता की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए। 7

**इकाई-III**

3. (अ) निम्नलिखित पद्यांश का उचित शीर्षक देते हुए संक्षिप्तीकरण कीजिए :

राष्ट्रीय संग्राम में मूर्धन्य नेताओं ने राष्ट्रवाणी के रूप में हिन्दी का अभिषेक किया। कांग्रेस में महात्मा गाँधी का पदार्पण होते ही संस्था की पूरी कार्यवाही हिन्दी में ही हो, गाँधी जी ने यह सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। वे स्वयं गुजराती भाषी थे पर उन्होंने पहले स्वयं हिन्दी सीखी, देश भर में हिन्दी के प्रचार के लिए उद्यम किया, अपने पुत्र देवदास गाँधी को इसी हेतु दक्षिण भेजा, दक्षिण में हिदी प्रचार सभा की स्थापना की। हिन्दी साहित्य सम्मेलन में उनकी हिन्दी निष्ठा के कारण अधिवेशन का अध्यक्ष बनाया। 2+3=5

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** का पल्लवन कीजिए :

(क) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।

(ख) परहित सरिस धरम नहीं भाई

(ग) आवश्यकता आविष्कार की जननी है।

(घ) जहाँ न पहुँचे रवि, वहाँ पहुँचे कवि। 2+2=4

(स) निम्नलिखित युग्म शब्दों में से किन्हीं **दो** का अर्थगत अंतर स्पष्ट कीजिए :

(क) सुत/सूत

(ख) ग्रह/गृह

(ग) तर्क/तक्र

(घ) क्षति/क्षिति 2+2=4

(द) निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों का वाक्य प्रयोग द्वारा अर्थ स्पष्ट कीजिए (कोई **पाँच**) :

(क) नौ दो ग्यारह होना

(ख) आगे नाथ न पीछे पगहा

(ग) अंधों में काना राजा

(घ) हाथ धोकर पीछे पड़ना

(ङ) तेते पाँव पसारिए जैती लाँबी सौर

(च) आगे कुआँ, पीछे खाई

(छ) अपना उल्लू सीधा करना 5

(य) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों की वर्तनी शुद्ध कर लिखिए :

(क) उज्जवल

(ख) अनाधीकार

(ग) अन्ताक्षरी

(घ) तत्वाधान 2

(र) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों को शुद्ध कर पुनः लिखिए :

(क) मैं प्रात:काल के समय घूमने जाता हूँ।

(ख) महादेवी वर्मा प्रसिद्ध कवि थीं।

(ग) बच्चे को धोकर फल खिलाओ।

(घ) यह आप पर निर्भर करता है। 2

## इकाई–IV

4. (अ) अनुवाद का अर्थ स्पष्ट करते हुए श्रेष्ठ अनुवाद की कोई **दो** विशेषताएँ लिखिए।

(उत्तर–सीमा **50** शब्द)

**अथवा**

अनुवाद की सीमाओं को स्पष्ट कीजिए। 3

(ब) अनुवाद करते समय किन बातों का ध्यान रखा जाना आवश्यक है ? समझाइए।

(उत्तर–सीमा **50** शब्द)

**अथवा**

अनुवाद के महत्त्व का विवेचन कीजिए। 3

(स) निम्नलिखित में से किसी **एक** अनुच्छेद का हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

अदीतवार नै काम–काज री छुट्टी रैवे। म्हैं तोळियासर भैंरू जी जावण रो नेम बणाय राख्यो हो। बूढ़ी पूजारण सूं गपसप लागै। आखै जगत री बातां सुणावै। इण सूं भी बडो फायदो ओ कै घड़ी आध घड़ी बैठूं जिकै में सागीड़ो सिरावण मिल जावै। घर में लूखै फलकां अर दाळ रै पाणी सूं माथो लगावणो पड़ै, भैरूनाथ रै अठै रसगुल्ला, खीर भोजन, जामफळ, पेड़ा, पेठा, भांत–भांत री मिठायां आवै। माजी म्हारै माथै सनेव राखै—हूं बेटै बऊ री चुगल्यां कान देयर सुणू, इण कारण माजी मनै आपरो तन्नू समझै।

**अथवा**

Bastar is located in the Southernmost part of Chhattisgarh and borders Andhra Pradesh, Orissa and Maharashtra. The central part of Bastar is on a plateau. To the North of this plateau is the Chhattisgarh plain and to its south is the Godavari plain. The river Indrawati winds ocross Bastar east to west. A number of different communities live in Bastar such as Maria and Muria Gonds, Dhurwas, Bhatras and Halbas. They speak different languages but share common customs and beliefs. The people of Bastar believe that each village was given its land by the Earth, and in return, they look after the earth by making some offerings at each agricultural festival. 9

## इकाई–V

5. (अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : (उत्तर-सीमा **350** शब्द)

(क) आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी और भारत

(ख) राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका

(ग) राजस्थान के मेले एवं त्योहार

(घ) विद्यार्थी जीवन और अनुशासन

(ङ) कटते जंगल : घटता मंगल 10

(ब) निजी विद्यालय में शिक्षक के रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपने घर का खराब विद्युत मीटर बदलवाने हेतु विद्युत विभाग के सहायक अभियंता को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 5